दिन— रविवार दिनांक— 15 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रांची हवाई अड्डे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छह सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने पटना—टाटा नगर, भागलपुर—हावड़ा और गया—हावड़ा सहित छह वंदेभारत रेलगाडियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री मोदी ने देवघर से गया होते हुए वाराणसी के लिए भी वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वंदेभारत रेलगाड़ियों के चलने से झारखंड और पड़ोसी राज्यों सहित देश के पूर्वी क्षेत्रों में आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में तेजी आएगी। श्री मोदी ने कहा कि इन रेलगाड़ियों से पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम आवास योजना—ग्रामीण के तहत राज्य के एक लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त के रूप मे चालीस—चालीस हजार रूपये की राशि हस्तांतरित की। श्री मोदी ने कहा कि अगले पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना से गांव में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे है। भागलपुर—हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का परिचालन सत्रह सितंबर से नियमित रूप से किया जाएगा। वहीं, गया—हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का नियमित परिचालन अठारह सितंबर से और पटना— टाटानगर वंदे भारत ट्रेन का परिचालन बाईस सितंबर से शुरू होगा। प्रधानमंत्री के वीडियों कॉन्फ्रेंस से वंदे भारत ट्रेनों के शुभारम्भ कार्यक्रम में पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल हुए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ दानापुर मंडल के डीआरएम जयंत कुमार चौधरी सहित रेलवे के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

————————————————————

आज अभियंता दिवस है। यह दिन भारत रत्न से सम्मानित अभियंता एम. विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभियंता दिवस के अवसर पर सभी इंजीनियरों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने सोशल

मीडिया पोस्ट पर कहा कि हमारे इंजीनियर आज हर क्षेत्र में प्रगति कर रहे हैं और नवाचार को बढ़ावा दे रहे है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के अभियंताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण और उन्नत तकनीक के विकास में अभियंताओं का महत्वपूर्ण योगदान है।

——————————————————————

राज्य में बढ़ते आपराध को लेकर राजद की ओर से आज राजभवन मार्च निकाला गया। मार्च में बढ़ी संख्या में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। हालांकि पुलिस ने इनकम टैक्स चौराहे पर राजद के मार्च को रोक दिया। इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने प्रदेश में कानून व्यवस्था के पूरी तरह ध्यस्त होने पर नीतीश सरकार की आलोचना की।

——————————————————————

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पटना और सीतामढ़ी में पोषण जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पटना के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। शिक्षा चौपाल में लड़के और लड़कियों को समान शिक्षा और समान रूप से पालन–पोषण के लिए जागरूक किया गया। वहीं, सीतामढ़ी में आयोजित पोषण मेला में विभिन्न विभागों की ओर से लोगों को पोषण से संबंधित जानकारी दी गई।

——————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की गतिविधियां सक्रिय रही। इस दौरान प्रदेश के रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले मे बहुत भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहतास के इन्द्रपुरी में सबसे अधिक एक सौ इकतालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, गया के डुमरिया में एक सौ उन्नीस, औरंगाबाद के नबीनगर में एक सौ अठारह दशमलव चार और बेगूसराय के नावकोठी में एक सौ दस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान रोहतास, औरंगाबाद, गया और सारण जिले के कुछ स्थानों में अत्यधिक भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

——————————————————————

समाप्त